भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

10.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2837 का उत्तर

राधोपुर-फॉरबिसगंज रेल मार्ग

2837. श्री दिलेश्वर कामैतः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कोसी नदी द्वारा किए गए भयंकर विनाश के कारण 2008 में राधोपुर-फॉरबिसगंज (बिहार) रेल मार्ग क्षतिग्रस्त हुई थी और इसके परिणामस्वरूप इस मार्ग पर परिचालन पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के मूलभूत यातायात संरचना का विकास करने हेतु इस रेल मार्ग को पुनः शुरू करने का है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/प्रस्तावित हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): जी हां।

(ख) और (ग): 20.09.2009 को कार्य पूरा होने के बाद यातायात को बहाल कर दिया गया था और दिसंबर, 2011 तक जारी रखा गया, जब जनवरी, 2012 में आमान परिवर्तन कार्यों के लिए यातायात को फिर से बंद कर दिया गया। बेसिन नदी में बाढ़ आने के कारण कई स्थानों पर दरारें पड़ गई/पटरियां बह गयीं जिसके कारण आमान परिवर्तन के कार्यों की प्रगति प्रभावित हुई।

निम्नानुसार लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं:

(i) राघोपुर-छतरपुर रोड - मार्च 2020

(ii) छतरपुर रोड-फॉरबिसगंज - मार्च 2021

*****

Sk